हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024


तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री


11 सामुदायिक केन्द्र में 637 आवेदकों को मिले भूखंड





12 साप्ताहिक शिविर में 62 युवाओं ने किया रक्तदान




## खबर संक्षेप

### खेत में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**गन्नौर।** माजरी गांव में एक 28 वर्षीय युवक का शव खेत में पेड़ में फंदे पर लटका मिला। मृतक दीपक हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत दीनबंधू छोटूराम मुरथल विश्वविद्यालय में नौकरी करता था। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय दीपक अपनी मां के साथ गांव में रहता था और दीनबंधू छोटूराम मुरथल विश्वविद्यालय में नौकरी करता था। रविवार की शाम को उसने अपने खेत में पेड़ में फंदा लगा कर फांसी लगा ली। स्वजन का कहना है कि दीपक पिछले कई दिनों से मानसिक रुप से परेशान चल रहा था, जिस वजह से उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने स्वजन के बयान पर 174 की कार्रवाई की है।

### अवैध पिस्तौलों के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने दो युवकों को अवैध पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया है। सोनीपत क्राइम यूनिट ने खरखौदा क्षेत्र की सैदपुर गौशाला के सामने एक युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम विष्णु गांव नैना ततारपुर बताया है। उधर, खरखौदा पुलिस ने सोहटी कुतुबगढ़ मार्ग पर अंकित मुरथल को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### दुर्घटना में बाइक सवार के पैर की हड्डी टूटी

**खरखौदा।** गढ़ी सिसाना निवासी सत्यवान मोटरसाइकिल पर खरखौदा से गढ़ी सिसाना गांव जा रहा था। जब वह नारायण आश्रम के पास पहुंचा तो रोहतक की तरफ से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे नीचे गिर गया और मोटरसाइकिल भी बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। घायल सत्यवान को राहगीरों ने खरखौदा के उपमंडलीय सरकारी अस्पताल दाखिल कराया। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सत्यवान का कहना है कि इस हादसे में उसके पांव की एक हड्डी टूट गई है।

### श्रीकृष्ण हुड्डा की स्मृति में लगेगा फ्री आई कैंप

**गोहाना।** लगातार तीन बार बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा की पुण्य स्मृति में मंगलवार को गुमाणा गांव में परथाना चौपाल में सुबह आठ बजे से दोपहर बाद एक बजे तक फ्री आई चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इस आई चेकअप कैंप में गुरुग्राम में स्थित इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय की टीम आएगी। इस कैंप का संयोजन दिवंगत विधायक के बेटे जीतेंद्र उर्फ जीता हुड्डा और डॉ. सुरजीत उर्फ मोनू हुड्डा करेंगे। नेत्र रोगियों को न केवल दवाइयां अपितु चश्मे भी मुफ्त प्रदान किए जाएंगे।







सोनीपत। गीता भवन चौक के पास बारिश के चलते सड़क पर इकट्ठा हुआ पानी, दयाल चौक के पास सड़क पर इकट्ठा हुआ बरसाती पानी, ककरोई चौक के पास सड़क पर इकट्ठा हुआ पानी। फोटो : हरिभूमि

# प्रशासन के दावों पर फिरा पानी, प्रमुख मार्ग जलमग्न

## बारिश के चलते शहर की सड़कों पर जलभराव, वाहन चालकों को भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्री मानसून की बारिश ने सोमवार को जिले को खूब भिगोया। विशेषतौर पर सोनीपत शहर में अच्छी बारिश हुई। हालांकि दो दिन पहले भी सोनीपत में बारिश हुई थी, लेकिन उस समय केवल राई में बारिश हुई थी, जबकि सोमवार को जिले के कई इलाकों में बारिश हुई है। लगभग आधा घंटे तक हुई अच्छी बारिश ने गर्मी से तो निजात दे दी, लेकिन सड़कों पर हुए जलभराव ने प्रशासन के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। क्योंकि बरसात के चलते हुए जलभराव से शहर में जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बारिश के चलते गर्मी से लोगों को राहत मिली, हालांकि अधिकतम तापमान में कमी और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके बावजूद मौसम में नमी बढ़ जाने के चलते लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है।

- 1 घंटे तक हुई बारिश गन्नौर, गोहाना और खानपुर में हलकी बूंदाबांदी

सोमवार को दोपहर बाद अचानक से बादलों ने आसमान को घेर लिया था। काफी देर तक बादलों का जमावड़ा लगा होने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे बारिश शुरू हुई। लगभग आधे घंटे तक बारिश होने के चलते शहर की तकरीबन हर सड़क जलमग्न हो गई। सड़कों के जलमग्न होने के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश के कारण गर्मी से निजात मिल गई है। विशेषतौर पर शहर में लोगों को गर्मी से राहत मिली। देर शाम तक शहर में हल्की बौछारें चलती रही। वहीं तापमान की बात करें तो न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी व अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### एक माह पहले उठाई थी सफाई की मांग

प्री-मानसून की बारिश से शहर के जलमग्न होने पर नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है। सिंगला ने बताया कि 22 मई को नगर सुधार मंच की ओर से नगर निगम प्रशासन को सभी सीवर व नालों की सफाई करने की अपील की गई थी। उस समय प्रशासन को चेताया गया था कि बारिश में सोनीपत शहर जलमग्न हो जाता है। घरों-दुकानों में पानी भर जाता है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी होती है। एक माह पहले की गई अपील के बावजूद प्रशासन ने कारगर कदम नहीं उठाए। इसी वजह से आधे घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया।



सोनीपत। कच्चे क्वार्टर में बारिश के बीच गंतव्य की ओर जाती महिलाएं।

### बारिश रुकी, लेकिन सड़कों पर जाम लगा

दोपहर बाद लगभग 4 बजे बारिश रूक गई थी, लेकिन इसके बाद शहर की सड़कों पर उतरे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर जलभराव के चलते जाम की समस्या बनी रही। विशेषतौर पर गीता भवन चौक से लेकर ककरोई चौक तक जाम बना रहा। यहां गीता भवन आरओबी पर देर शाम 7 बजे तक वाहनों का आवागमन बहुत ही धीमी रफ्तार से हुआ। इसके अलावा सेक्टर 14 व सेक्टर 15 के मुख्य मार्गों पर भी जलभराव के चलते वाहनों का पहिया थम गया।

### गर्मी से राहत, दो दिनों से बने हुए थे आसार

जिले में दो दिनों से बारिश के आसार बने हुए थे। शनिवार को भी जिले में बारिश हुई थी, लेकिन सिर्फ राई क्षेत्र में ही मेघा बरसे थे। इसके बाद रविवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हुई थी। वहीं सोमवार को जिले के अधिकतर हिस्सों में हुई बारिश ने गर्मी से काफी हद तक राहत प्रदान की है। जिले में सुबह से दोपहर तक आसमान में बादलों और सूर्य के बीच आंख मिचौली का खेल चलता रहा। दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और आधा घंटा तक मेघा जमकर बरसे। बारिश के चलते शहर की सड़कें पानी-पानी हो गई। आधा घंटा की बारिश ने प्रशासन के पानी निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी। 25 एमएम बारिश में ही सोनीपत शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। जबकि मानसून सीजन से पहले प्रशासन ने ड्रेन और माइनर की सफाई को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। दूसरी ओर सडकों के अलावा पहले ही ड्रेन के दूषित पानी से भर बस अड्डे के अंदर भी पानी भर गया। जिससे कर्मियों व यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी।

### जल्द ही दस्तक दे सकता मानसून

दिल्ली-एनसीआर में प्री मानसून की गतिविधियां जारी है। इसी वजह से बरसात हुई है। जल्द ही मानसून दस्तक दे सकता है। जिसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। जुलाई माह की शुरूआत में तापमान 30 से 35 डिग्री के बीच बना रह सकता है।

डा. प्रेमदीप राठी, मौसम विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत

### इतना बरसा पानी

| ब्लॉक | बारिश (एमएम में) |
|---|---|
| सोनीपत | 25 |
| गन्नौर | शून्य |
| गोहाना | शून्य |
| खरखौदा | 4 |
| खानपुर कलां | शून्य |
| राई | 15 |

# श्रमिक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एचएसआईआईडीसी, बड़ी स्थित फैक्टरी में काम करने वाले श्रमिक कांशीराम की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित बालकृष्ण उत्तरप्रदेश के फैजाबाद स्थित गांव कोच्छापुर का रहने वाला है। वहीं मृतक कांशीराम के शव का सोमवार को सोनीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। जिसके स्वजन ने सोनीपत के शमशान घाट में ही कांशीराम का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं इस मामले में हमले करते हुए बाल कृष्ण की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जिसमें बाल कृष्ण लोहे की भारी भरकम राड से कांशीराम पर कई वार करते हुए दिखाई दे रहा है।

- वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी आई सामने

सीसीटीवी में और भी श्रमिक दिखाई दिए जिसने बाल कृष्ण को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाद में बालकृष्ण ने फिर से राड उठा कर कांशी राम पर वार किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले ली है।



गन्नौर। कांशीराम के सिर पर राड से हमला करता सीसीटीवी में कैद हुआ बाल कृष्ण। फोटो : हरिभूमि

### यह है मामला

उत्तर प्रदेश के जिला बस्ती के गांव नगदपुर निवासी 48 वर्षीय कांशीराम बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में 14 साल से काम कर रहा था। वह फैक्टरी में ही बने श्रमिक क्वार्टर में रहते थे। रविवार शाम को वह कमरे पर मौजूद था। उनके साथ उत्तरप्रदेश के फैजाबाद स्थित गांव कोच्छापुर निवासी बाल कृष्ण भी था। दोनों कमरे में बैठ कर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद कांशीराम ने वहां पड़ा सब्जी काटने का चाकू बालकृष्ण के हाथ पर मार दिया। जिस वजह से वह घायल हो गया। इसके बाद कांशीराम भाग कर फैक्टरी के प्रथम तल पर पहुंच गया। उसके पीछे बाल कृष्ण भी लोहे की राड लेकर भागा और उसके सिर पर एक के बाद एक कई वार कर दिए, जिससे कांशीराम की मौके पर ही मौत हो गई।

### आज कोर्ट में करेंगे पेश

बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि आरोपित बालकृष्ण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को मंगलवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा

### दोहरे हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** जिले की एसएजी यूनिट सेक्टर सात की पुलिस ने लाठ-जौली चौक में हुए दोहरे हत्याकांड में संलिप्त एक और आरोपित गांव लाठ के वरुण उर्फ मोनी को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गांव लाठ के मनजीत ने 15 सितंबर 2023 को थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि वह, उसके ताऊ का लडका रमेश और उसके दादा राज सिंह बाइकों पर गांव से लाठ-जौली चौक की तरफ जा रहे थे। रमेश और राज सिंह एक बाइक पर थे और वह दूसरी बाइक पर था। लाठ-जौली चौक पर पहुंचने के बाद दो बाइक व गाड़ियों में आए हमलावरों ने गोलियां बरसाकर रमेश व राज सिंह की हत्या कर दी थी। उसकी शिकायत पर दीपक, मोनू, अमित, धर्मपाल और अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। दोनों की हत्या रंजिश में करवाई गई थी। पुलिस टीम ने वारदात में आरोपित गांव लाठ के वरुण को गिरफ्तार किया।

# मुख्य प्रशासक को पत्र लिखकर दोहराई मांगें

- हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक को पत्र लिखकर मांगों का समाधान करने की मांग उठाई है। यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया कि एचएसवीपी में मुख्य प्रशासक से दो बार वार्ता हो चुकी है और दो बार प्रशासक हेडक्वार्टर से वार्ता हो चुकी है। परंतु किसी भी मांग या अथवा समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं किया गया है। केवल झूठे आश्वासन दिए जाते हैं।

कोई भी आईएएस अथवा एचसीएस या दोनों इंजीनियर किसी भी कर्मचारी का कोई भी जांच कार्य नहीं निपटा रहे हैं। अंतु परंतु करके सब कामों को वर्षों से लटकाते आ रहे हैं। इसलिए इसमें मांग का कोई महत्व नहीं है। हमें वार्ता के लिए 11 जुलाई 2024 को अवश्य आएंगे परंतु ईमानदारी के साथ गंभीरता से क्या लंबी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। अन्यथा मजबूरन 25 जुलाई 2024 को आप सभी अधिकारियों का राज्य स्तरीय कर्मचारियों द्वारा घेराव करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। फैसला मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के निवास का भी एक महारैली के द्वारा घेराव किया जाएगा। हमारी प्रमुख मांगें और समस्याएं इस प्रकार हैं, जिनको पूर्व नोटेशन द्वारा बार-बार आपके संज्ञान में लाया जा चुका है। जैसे कि रेगुलर सफाई कर्मचारियों के सेवा नियम बनाना, हरे और सूखे पेड़ काटने बेचने वाले कनिष्ठ अभियंता की एफआईआर करवाना और रिकवरी करना पे एट पर करने तथा पे- फ्रिक्शन के केशों को तुरंत निपटाया जाए आदि प्रमुख हैं।

### मंदिर शिवाला मस्तनाथ में भागवत कथा का समापन

**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में चल रही भागवत कथा का सोमवार को हवन पूर्वक समापन हो गया। पूर्णाहुति पर हुए यज्ञ में आहुति डालने के लिए सोनीपत भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तीर्थ सिंह राणा और गोहाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद जैन भी पहुंचे। शिवाला मस्तनाथ के अध्यक्ष प्रवीण गोयल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में वृंदावन धाम के कथा व्यास विजय कृष्ण ने भागवत कथा का वाचन किया। मुख्य मेजबान रोशन लाल गोयल और उनकी पत्नी सरोज बाला, उनके सी.ए. बेटे विनोद गोयल और बहू प्रियंका गोयल रहे। संयोजन गोयल परिवार के छोटे बेटे और मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंद गोयल ने किया। 17 जून को पहले दिन जिन महिलाओं ने कलश उठाया था, उनको वे कलश पूर्णाहुति की बेला में भेंट कर दिए गए। भागवत कथा के शुभारंभ की भांति पूर्णाहुति के अवसर पर भी खुला भंडारा लगाया गया।

## नागरिकों की समस्याएं जल्द सुलझाने के निर्देश

# शिविर में 104 शिकायतों पर सुनवाई

- उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा, शिविर में रोजाना आने वाली शिकायतों पर लिया जा रहा है संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में यह पहल की है। रोजाना की भांति उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में करीब 104 शिकायतों पर सुनवाई हुई व अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए उन्हें राहत पहुंचाएं। शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित शिकायतें रखी गई।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, डीसीपी वेस्ट नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, सीटीएम पूजा कुमारी, डीडीपीओ जितेन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### ऐलान : रोडवेज कर्मचारी आज करेंगे भूख हड़ताल

**गोहाना।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ग्रेवाल के आह्वान पर सोमवार को गोहाना बस स्टैंड पर साझा मोर्चा की बैठक हुई। कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि अधिकारियों की तानाशाही के विरुद्ध बुधवार को भूख हड़ताल की जाएगी। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। अध्यक्षता कर्मचारी नेता संजीव स्वामी ने की और संचालन प्रवीण मलिक ने किया। संजीव स्वामी ने कहा कि कर्मचारी बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर चार बजे तक सामूहिक भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब अफसर शाही का राज है। उच्च अधिकारी न तो सरकार की प्रवाह करते हैं और न ही सरकार द्वारा यूनियन से वार्ता में मानी गई मांगों को पूरा करते हैं। कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस नहीं दिया जाता है। 2018 में कर्मचारियों के विरोध के बावजूद किलोमीटर सकीम की बसें रोडवेज के बेड़े में शामिल की गईं। 2023 में आनलाइन के बहाने कर्मचारियों के इधर-उधर तबादले किए गए। अधिकारियों के गलत निर्णय के लिए हरियाणा रोडवेज की अधिक बसें ब्रेकडाउन हो रही हैं। सरकार द्वारा रोडवेज बसों में 42 श्रेणियों के लिए फ्री यात्रा की सुविधा की गई है। अब हैप्पी कार्ड भी लागू कर दिए हैं। सरकार जनता को सुविधा देती है लेकिन उसके बदले में विभाग के खजाने में पैसे नहीं जमा कराए जाते हैं। बैठक में दिलबाग मलिक, अशोक खोखर, संदीप, लठवाल, हरपाल, सुनील, सिद्ध, हरीश, रामपाल, सतीश, संजय, भूप सिंह हुड्डा मौजूद रहे।

- प्रदेश में अफसरशाही हावी होने का लगाया आरोप

# एनएचएम कर्मचारी सात जुलाई को करेंगे सीएम आवास का घेराव

- कर्मचारियों ने सोमवार को काले रिबन बांध कर जताया रोष
- 25 से 27 जून तक प्रतिदिन एक घंटा कार्य का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एनएचएम कर्मचारी संघ ने 30 जून तक उनकी लंबित मांगें पूरी न करने पर 7 जुलाई को सीएम आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है। कर्मचारी लंबित मांगें पूरी न किए जाने से सरकार से नाराज है। सोमवार को एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी बाजूओं पर काले रिबन बांध कर काम करते हुए अपना विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती वे तब तक अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले कई साल से अपनी लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं कर रही है। कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग का लाभ भी नहीं मिल रहा है। एनएचएम कर्मचारियों को वर्ष 2017 से वर्ष 2022 स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा किए गए आंदोलन / हड़ताल की अवधि का वेतन ड्यूटी अवधि मानते हुए स्वास्थ्य विभाग के अन्य संगठनों की तरह वेतन जारी किया जाए। इसके साथ ही एनएचएम कर्मचारियों को मणिपुर राज्य की तर्ज पर नियमित किया जाए। जब तक कर्मचारियों को इस तर्ज पर नियमित नहीं किया जाता तब तक एनएचएम हरियाणा की वर्ष 2013-14 की पीआईपी में दिए गए निर्देशों के अनुसार सेवा सुरक्षा दी जाए।

कर्मचारी रोषस्वरूप 25 जून से 27 जून तक रोजाना 1-1 घंटा काम का बहिष्कार करेंगे। 28 जून को सभी एचएनएम कर्मचारी संघ द्वारा सभी जिला उपायुक्तों के माध्यम से सीएम आवास का घेरा करने की सूचना सरकार को दी जाएगी।





गोहाना। नागरिक अस्पताल परिसर में रोष व्यक्त करते हुए एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# हरिभूमि सहेली



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

## करामाती है आई डोंट केयर

मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

**आई डोंट** केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

मेडिकल सजेशन
डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

## प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्त्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।

- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर



पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।

- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।




- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

**प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा**

आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज





केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।



**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।

**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

## हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।

## खबर संक्षेप

### फोन व रुपये छीनने में शामिल युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने फोन व रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विवेक उर्फ मोटा उर्फ टीनू निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

सुदामा नगर निवासी जगदीश वर्मा ने गत 13 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह लिवासपुर मोड पर गंगा फैक्टरी में काम करता है।

### नशे में मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में शराब के नशे में घर के अंदर घुसकर युवक से मारपीट करने व बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त का सिर दीवार में मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामे को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### गोहाना को जिले की मांग पर बनाया बहाना

**गोहाना।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी हरियाणा व्यापार सेल के पूर्व चेयरमैन मुकेश तायल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गोहाना को जिला बनाने की मांग पर कमेटी गठित करने की बात कहना एक नया बहाना है। कमेटी गठित करने का बहाना गोहाना को जिला बनाने के लिए अस्पष्ट रूप से मना करना है। वास्तव में सरकार गोहाना को जिला बनाना ही नहीं चाहती।


मुकेश तायल।

### धन्ना भगत की याद में प्रवेश द्वार बनाने की मांग

**गोहाना।** शहर में सेक्टर सात वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने नगर परिषद गोहाना की अध्यक्ष रजनी विरमानी से भेंट की। एसोसिएशन ने सेक्टर सात में धन्ना भगत याद में प्रवेश द्वार बनाने की मांग की। सेक्टर के दोनों प्रवेश द्वारों का सुंदरीकरण करवाने की मांग की गई। अध्यक्ष विरमानी ने इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र दूहन ने कहा कि धन्ना भगत ऐ रहस्यवादी कवि और वैष्णव भक्त थे, जितने तीन भजन आदि ग्रंथ में मौजूद हैं।

### गदुर्गावती का 460वां बलिदान दिवस मनाया

**गोहाना।** सेक्टर 7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में महारानी दुर्गावती का 460वां बलिदान दिवस मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने महारानी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुगल सम्राट अकबर ने जब उनके राज्य को जीतने के लिए युद्ध किया तो रानी दुर्गावती ने अकबर की फौज के छक्के छुड़ा दिए थे। दुर्गावती ने अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इनकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना।

---

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना से घर बनाने का सपना होगा साकार

# सेक्टर-7 सामुदायिक केन्द्र में 637 आवेदकों को मिले भूखंड

- कोई आवेदक नहीं रहा लाभ से वंचित, सबको तीस-तीस गज के प्लाट मिले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार को नगर परिषद गोहाना की सीमा में स्थित लाभार्थियों को प्लॉट नंबर अलॉट / वितरित करने के लिए गोहाना के सेक्टर 7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में 637 लाभार्थियों को तीस-तीस गज के प्लाट आवंटित कर दिए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह बुधवार 26 जून को रोहतक में इन सभी लाभपात्रों को प्रदेश स्तरीय समारोह में इन भूखंडों के आवंटन पत्र प्रदान करेंगे।

नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने आज गोहाना के सेक्टर 7 स्थित सामुदायिक केंद्र में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रा निकाला गया। इस ड्रा के माध्यम से आवेदकों को यह ज्ञात हुआ कि उनको कौन सा प्लाट नंबर दिया जाएगा। पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर का एक बटन क्लिक कर योजना के सभी 637 आवेदकों को प्लाट नंबर दे दिए गए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके लिए आवास कार्यक्रम देशभर में शुरू किया हुआ है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए हरियाणा में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पिछले साल सितंबर माह में फार्म भरवाए गए थे। इसमें वही परिवार आवेदन कर सकते थे, जिनकी फैमिली आईडी में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए या इससे कम है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए 637 आवेदकों ने दस हजार रुपए की राशि का भुगतान कर प्लाट की बुकिंग करवाई थी। आवेदकों को एक प्लाट के लिए कुल एक लाख की राशि जमा करवानी है। इसमें दस हजार रुपए प्लॉट के कागजात मिलने के बाद एक माह में और शेष 80 हजार रुपए की राशि 6 किस्तों में प्लॉट का कब्जा मिलने के बाद अदा करनी है। लाभपात्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, घुमंतू जाति, अनुसूचित वर्ग तथा विधवा महिलाएं शामिल हैं। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, नप कार्यकारी अधिकारी निशा, एचएसवीपी के कार्यकारी अधिकारी विजय राठी, नप अभियंता नवीन सहरावत व तहसीलदार गोहाना सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


**गोहाना।** नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा व एसडीएम विवेक आर्य प्लॉट नंबर वितरित करने की प्रक्रिया पूरी करते हुए। साथ में हैं नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी व अन्य अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

#### कमेटी गठित की गई थी

विश्राम मीणा ने बताया कि आवास आवंटन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी के समक्ष प्लाटों का ऑनलाईन ड्रॉ निकाल कर लाभार्थियों को सेक्टर 13 व 17 में प्लाट नम्बर आवंटित किए गए। उन्होंने कहा कि कमेटी बगैर किसी पक्षपात के यह प्रक्रिया संपन्न करवाई है। आज ड्रा के समय आवेदक व उनके परिवारों के सदस्य आए हुए थे। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत अत्यंत न्यूनतम मूल्य पर सेक्टर में प्लाट मिलने से इन नागरिकों का अपना घर बनाने का सपना अब साकार हो सकेगा।

---


कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल महाराज से आशीर्वाद लेते हुए साथ में ग्रामीण।

## संत परंपरा को साधु संतों ने विश्व में पहुंचाने का कार्य किया : जयभगवान

- खेवड़ा गांव स्थित बाबा रामलाल नाथ धाम पर भंडारे में आंतिल ने की शिरकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

खेवड़ा गांव स्थित बाबा रामलाल नाथ धाम पर आयोजित हुए भंडारे में मुख्य तौर से शामिल हुए आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भारत की संस्कृति और संत परंपरा को साधु संतों ने विश्व में पहुंचाने का कार्य किया है। साधु संतों ने अपने तप, तपस्या और सामर्थ्य से मानव कल्याण किया है। उन्होंने बाबा ज्ञाननाथ की तपस्या पूर्ण होने पर साधु-संतों को सम्मानित किया और उनसे समाज के सेवा करने का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा रामलाल नाथ धाम में पहुंचने पर कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि साधु संतों के सानिध्य में संतों का आशीर्वाद, ज्ञान और वाणी का लाभ हम सबको मिल रहा है। संतों के ज्ञान, वाणी और तेजस्वी चेहरे से दुनिया का प्रत्येक आदमी प्रभावित होता है। संतों के जीवन में तप, तपस्या और समर्पण है। संतों की तपस्या के कारण वर्तमान में संत परंपरा ने आध्यत्मिक संस्कृति और धर्म परमंपरा से एक मानव निर्माण का कार्य किया है। जयभगवान आंतिल ने 1 लाख 11 हजार रूपए की राशि भंडारे में सहयोग के तौर पर दी और इसके अतिरिक्त दूर-दूर से आए 200 से ज्यादा साधु संतों को सम्मानित किया। साधु-संतों को सम्मानित करके उनसे आशीर्वाद लेते हुए जयभगवान ने कहा कि संतों ने सभी चुनौतियों, कठिनाइयों से लडऩे का आध्यत्मिक ज्ञान दिया। संत भारत की संस्कृति के वाहन के रूप में कार्य कर रहे हैं। यहां दूर दूर से आए हुए श्रद्धालु मौजूद हुए और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की है।

---

## हरियाणा में बदलाव लाना ही आप का संघर्षः ढांडा

- आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रचार बस का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने राई हल्का के दिपालपुर में प्रचार बस का आप शिक्षा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल के सहयोग से शुभारंभ किया।

उन्होंने कार्यकताअरं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले हर बूथ पर आम आदमी पार्टी की मजबूत टीम होनी चाहिए। जब टीम मजबूत होगी तो बूथ पर वोट अपने आप मिलेगा। हर गांव में जाकर लोगों को बताना है कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओ 24 घंटे और मुफ्त बिजली-पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का दो तीन साल से लंबा संघर्ष चला आ रहा है। उस संघर्ष में शिक्षा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल भी हमारे साथी बने। काफिला बड़ा हुआ और लगातार लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी का संघर्ष है कि हरियाणा बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग लंबे समय से तीसरा विकल्प ढूंढ रहे हैं। हरियाणा के लोगों ने जब सत्ता परिवर्तन किया तो दो पार्टियों के बीच करते रहे। कभी कुलदीप बिश्नोई ने अपनी पार्टी बनाई तो उनको 5-10 सीटें देकर देखी और जब जेजेपी अलग पार्टी बनी तो उसको 10 सीटें देकर देखी। कभी बंसी लाल ने अलग पार्टी बनाई थी, उसको राज देकर देख लिया। हरियाणा हमेशा से तीसरे विकल्प की तरफ देखता रहा है। लेकिन अब हरियाणा के लोगों का वो सपना पूरा होने जा रहा है, आम आदमी पार्टी हरियाणा में तीसरा विकल्प है। इस मौके पर आप नेत्री सरोज बाला राठी के अलावा अन्य नेतागण मौजूद थे।


आप वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा व प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल प्रचार बस को रवाना करते हुए।

---

## खुबड़ू लीजेंड ने गन्नौर रॉयल को हराया

- स्टेडियम के चैयरमेन अजय गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में खेले गए यूनीक टी-20 समर कप क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में खुबडू लीजेंड टीम ने गन्नोर रॉयल को 37 रन से हराया, खुबडू लेजेंड्स के कप्तान अनिकेत धनखड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया ,खुबडू लीजेंड्स ने सुरेश पंघाल के 48 व सलीम के 40 रनों की मदद से 156 रन बना बनाए। गन्नौर रॉयल के लिऐ मेजरदीन व साहिल धनखड़ ने 3-3 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए गन्नौर रॉयल 119 रनों पर ऑल आउट हो ग्गई। मंजीत ने 31 व मनीष ने 19 रनों का योगदान दिया, दीपक गोयल ने 5 विकेट व मोनू त्यागी ने 3 विकेट लिये, दीपक गोयल व मंजीत को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया, जबकि सुरेश पंघाल सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व साहिल धनखड़ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, नीलेश व ओमपाल सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गए, इस टूनार्मेंट में कुल 4 टीमों ने भाग लिया और 7 मैच खेले गये, सभी मैच फ्लड लाइट्स में रात के समय खेले गए। यूनिक क्रिकेट स्टेडियम के चैयरमेन अजय गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर दीपक मलिक ,राकेश श्योराण, सीटू, सोमबीर ,दिनेश गौतम,दीप धनखड़, सतीश जांगडा अंपायर, संजय राजपूत अंपायर आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** विजेता टीम को ट्राफी देते हुए यूनिक स्टेडियम शेखपुरा के चैयरमेन अजय गोयल, साथ में अन्य खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

---

## पश्चिमी बंगाल के व्यापारी से 22.80 लाख की ठगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

कुंडली की कंपनी पर पश्चिमी बंगाल के व्यापारी से 22.80 लाख की ठगी का आरोप लगा है। आरोप है कि 40 इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचने के नाम पर घटना को अंजाम दिया गया। कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पश्चिमी बंगाल के दुर्गापुर निवासी रवि अग्रवाल ने कुंडली थान पुलिस को बताया कि उनका दुर्गापुर में बालाजी इलेक्ट्रिक स्कूटी के नाम से शोरूम है। उनका परिचय 10 अक्तूबर, 2023 को सोशल मीडिया के माध्यम से फैक्टरी निदेशक सत्य पाणिग्रही से हुआ था। उसने कहा कि उनकी कुंडली में स्कूटी बनाने की फैक्टरी है। उन्होंने विश्वास कर उनकी फैक्टरी से कंपनी से 40 स्कूटी खरीदने का सौदा कर लिया। इसकी एवज में उन्होंने 22.80 लाख रुपये भी भेज दिए। उन्हें बताया गया कि उनकी 40 स्कूटी कुंडली की फैक्टरी से भेज दी गई है। जब उन्हें स्कूटी नहीं मिली तो उन्होंने उनसे संपर्क किया। उन्हें बहकाया जाता रहा। बाद में उन्हें पता लगा कि उनके साथ ठगी की गई है।

---

## ढाबे पर गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चोरी

- बैग में सोने के जेवरात व आठ हजार रुपये की रखी थी राशि
- पीड़ित के बयान पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा किया दर्ज
- क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित गोल्डन ढाबे के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चोरी करने का मामला सामने आया है। कार मालिक परिवार सहित ढाबे पर खाना-खाने के लिए आया था। बैग में सोने के जेवरात व हजारों रुपये की नकदी रखी हुई थी। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नाथुपुरा दिल्ली निवासी कार्तिक शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली से मेरठ जा रहा था। करीब तीन बजे जीटी रोड पर स्थित गोल्डन हट ढाबे पर रूक गए। गाड़ी को खड़ी करके ढाबे पर खाना-खाने के लिए चले गए। उसके बाद वापिस लौटे तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ पाया गया। किसी ने गाड़ी के अंदर रखे बैग को चोरी कर लिया। बैग के अंदर एक जोड़ी कानों के झुमके, एक जोड़ी पायल व आठ हजार रुपये की राशि रखी हुई थी। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। शर्मा ने बताया कि इस संबंध में सिक्योरियटी गार्ड से बातचीत की, लेकिन कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिल पाया। सिक्योरियटी न होने की वजह से उसकी गाड़ी व आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राई थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया।


गाड़ी का तोड़ा गया शीशा।

---


गन्नौर। छबील लगाकर राहगीरो को पानी पिलाते हुए।

### छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस दो में चौं ट्रांसपोर्ट के सामने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें ट्रांसपोर्ट के कर्मचारियों ने प्रवीन मलिक के नेतृत्व में ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया। छबील को सुबह से प्रारंभ कर सायं तक लगाया गया। प्रवीन मलिक ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। एक दशक पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं चौपालों व बैठकों में मिट्टी के नए घड़ों में पानी भरकर रखती थी, ताकि उन्हें गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने का कई गुणा फल प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि हमें समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। इस तरह के कार्य से पुण्य का फल भी मिलता है।

---

## ‘एक पौधा मां के नाम’ अभियान के तहत हर बूथ पर रोपे जाएंगे 10 पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

सोनीपत भाजपा के जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने सोमवार को घोषणा की कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ एक पौधा मां के नाम अभियान में प्रत्येक बूथ पर दस पौधे रोपे जाएंगे।

जसबीर दोदवा शहर में इस अभियान का शुभारंभ बरोदा रोड पर नागरिक अस्पताल के निकट स्थित डॉ. मंगलसैन हर्बल पार्क से कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोहाना भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुमित कक्कड़ ने की। भाजपा के जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि मोदी सरकार 3.0 सत्तारूढ़ होने के बाद पीएम ने एक पौधा मां के नाम अभियान का श्रीगणेश किया था। उसी की अनुकरण करते हुए गोहाना शहर में पौधारोपण का शुभारंभ किया गया है। गोहाना भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुमित कक्कड़ ने कहा कि उनका मंडल अपने स्तर पर यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम दस पौधे अवश्य रोपे जाएं। रोपे जाने वाले पौधों की नियमित देखभाल उन पौधों को लगाने वाले कार्यकर्ता करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के दिग्गजों में स्वामी जसमेर देशवाल, बलराम कौशिक, विजय पुलस्त्य, प्रवीण कश्यप, भूपेंद्र मुदगिल, नरेंद्र गहलावत, सूरजमल शर्मा आदि भी मौजूद रहे।


**गोहाना।** पौधारोपण करते हुए भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

---

### सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए बने सीवर दबने से जलभराव

## बरसात के कारण बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें लबालब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

बरसात के कारण बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में सड़कों पर हुआ जलभराव। गन्नौर। सोमवार को हुई बरसात के कारण बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बरसात का पानी सड़कों पर जमा हो गया। इससे यहां के उद्यमी काफी परेशान हैं। फेज 1 में सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए बने सीवर दब गए। जिससे बरसात का पानी सड़क पर जमा हो गया है। बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। बरसात का पानी जमा होने की वजह से उद्यमियों से लेकर औद्योगिक कामगारों तक का आना-जाना दुश्वार हो गया है। वहीं दुपहिया वाहन चालकों, पैदल सवारों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगपतियों का कहना है कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले सीवरों की सफाई का कार्य भी नहीं किया गया। जिससे यह जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले साल हुई बरसात की वजह से फैक्ट्रियों के अंदर भी पानी घुस आया था, जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ था। यदि अब भी सड़क के निचे दबे सीवरों को खुलवा कर उनकी सफाई नहीं करवाई गई तो फिर से वही समस्या दोबारा होगी और उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों से पानी निकासी का समाधान जल्द से जल्द करवाने की गुहार लगाई है। एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने बताया कि उन्होंने विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह पहले ही सड़क के नीचे दबी सीवर लाइन को खुलवाने के बारे में अगवत करवाया, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई।



## खबर संक्षेप



गन्नौर। विधायक निर्मल जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि अधिकारी आम जन से जुड़ी मस्याओं के निवारण में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतें। अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। अगर किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो अधिकारी उनके संज्ञान में लाएं। विधायक ने यह बातें सोमवार को अपने आवास पर लगाए जनता दरबार के दौरान कही। इस दौरान विधायक ने लोगों की बिजली, पीने के पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीवरेज, जल निकासी जैसी समस्याओं को सुना और उनका निवारण करने के लिए संबंधित दिशा-निर्देश दिए।

### खेत से सोलर प्लेट व ट्यूबवेल का पंखा चोरी

**खरखौदा।** हलालपुर गांव में 6 किसानों की सोलर प्लेट पर लगी 90 मीटर डोरी व 72 कनेक्टर तार चोरी हो गए हैं। जबकि एक किसान के ट्यूबवेल का पंखा चोरी हो गया है। करतार सिंह ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर प्लेट कनेक्शन करवा रखा है। इसी तरह उसके गांव के किसान कैलाश, राजेंद्र, रोहित, सतवीर, जसवंत ने भी सोलर प्लेट कनेक्शन करवा रखे हैं। चोरों ने प्रत्येक किसान के 15 -15 मीटर डोरी व 12-12 मीटर कनेक्टर तार चोरी कर लिए हैं। किसान कृष्ण के ट्यूबवेल का पंखा भी चोरी हो गया है। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार में आए हमलावरों ने परिवार को पीटा

**खरखौदा।** आनंदपुर झरोठ निवासी गजानन ने पुलिस को शिकायत दी है कि अर्टिगा कार में सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उनके घर में घुसकर हमला किया और परिवार के सभी सदस्यों को चोट मारी है। पुलिस ने गजानन के बयान पर मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र से स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट व क्राइम यूनिट कुंडली की टीमों ने मादक पदार्थ तस्करी में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर लिए गए है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपित मूलरूप से गांव चटिया औलिया फिलहाल पटेल नगर निवासी विजय उर्फ चांदी को गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने इंडियन कॉलोनी की गली नंबर-9 से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपित के पास से 18 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

### पुलिस टीम ने कट्टे के साथ आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी लोहा पुल के पास सन्नी पुत्र हवासिंह निवासी गांव बाल जटान जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है।

## दाखिलों का आज अंतिम दिन : सीटें 12 हजार, आवेदक 19 हजार

# कॉलेज दाखिलों के लिए दिखी कम रुचि, 50 फीसदी आवेदन ही पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

12वीं पास करने के बाद महाविद्यालयों में जाने को तैयार बैठे विद्यार्थियों के लिये मंगलवार का दिन अंतिम दिन होगा। हालांकि आशा अनुरूप अभी तक महाविद्यालयों में आवेदन कम ही मिले हैं। अनुमान के अनुसार महाविद्यालयों में अभी 50 फीसदी ही आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि महाविद्यालयों की 12 हजार सीटों के मुकाबले में 12वीं पास करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 19 हजार से अधिक है। इसके बावजूद कम आवेदन आने की सबसे बड़ी वजह दिल्ली के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को माना जा रहा है। ऐसे में महाविद्यालय प्रबंधन की परेशानियां बढ़ गई है। निर्धारित सीटों से भी कम आवेदन आने पर अंतिम तिथि बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि उच्चतर शिक्षा निदेशालय की तरफ से अभी तक इस प्रकार का कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार महाविद्यालयों में 03 जून से ऑनलाइन आवेद प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसकी अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई थी। जिले के सभी कॉलेजों में विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए और कंप्यूटर कक्ष में आवेदन करने की अलग से व्यवस्था की थी। इसके बावजूद अंतिम तिथि से एक दिन पहले तक कॉलेजों में बेहद कम विद्यार्थी ही आवेदन करने पहुंचे। उम्मीद जताई जा रही है कि अंतिम दिन विद्यार्थियों की भीड़ जुट सकती है। उसके बावजूद भी इस बार अंतिम तिथि तक कॉलेजों में आवेदन निर्धारित सीटों से ही कम ही रहेंगे। 02 जुलाई को पहली कट ऑफ जारी की जाएगी।



- कला संकाय बनी पहली पसंद, वाणिज्य संकाय दूसरी प्राथमिकता
- आईटीआई में भी दाखिलों के अंतिम दिन मंगलवार

### इतने आवेदन प्राप्त हुए

| महाविद्यालय | कुल सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| हिंदू महाविद्यालय | 1050 | 698 |
| हिंदू कन्या महाविद्यालय | 1368 | 450 |
| सीआरए कॉलेज | 1040 | 510 |
| टीकाराम महाविद्यालय | 910 | 520 |
| महाविद्यालय, बड़ौता | 654 | 480 |
| जीजीसी, गोहाना | 940 | 545 |

### 19 हजार विद्यार्थी 12वीं पास कर चुके

बता दें कि जिले में 19 हजार से अधिक विद्यार्थी 12वीं पास कर चुके हैं। इसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 11782 और केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 7535 विद्यार्थी शामिल हैं। जिले के प्रमुख कॉलेजों की बात करें तो करीब 12536 सीटें हैं। हालांकि इनमें कई निजी कॉलेज शामिल नहीं है। अगर सभी निजी कॉलेजों व विश्वविद्यालयों की अनुमानित सीटों को भी जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 20 हजार के करीब पहुंच सकता है।

### ये बचा शेड्यूल

दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन : 05 जून से 28 जून तक
पहले चरण की काउंसिलिंग
पहली प्रोविजनल कट ऑफ जारी : 02 जुलाई
पहली फाइनल कट ऑफ जारी : 03 जुलाई
पहली कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि : 04 से 08 जुलाई

### दूसरे चरण की काउंसिलिंग

दूसरी प्रोविजनल कट ऑफ जारी : 09 जुलाई
दूसरी फाइनल कट ऑफ जारी : 10 जुलाई
दूसरी कट ऑफ फीस जमा करवाने की तिथि : 10 से 12 जुलाई

### तीसरे चरण की काउंसिलिंग

दो काउंसिलिंग में वंचित आवेदकों की फिजिकल काउंसिलिंग : 15 जुलाई
पंजीकरण हेतु दाखिला पोर्टल रि-ओपन :16 जुलाई
100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग : 16 से 22 जुलाई
100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसिलिंग : 24 से 31 जुलाई

### कला संकाय में ज्यादा रुचि

महाविद्यालय में इस बार अन्य पाठ्यक्रमों के मुकाबले कला संकाय की तरफ विद्यार्थियों की ज्यादा रूचि दिखाई दे रही है। यही कारण है कि इस कोर्स के लिए सबसे अधिक आवेदन आए हैं। वाणिज्य संकाय विद्यार्थियों की दूसरी प्राथमिकता रही। जबकि विज्ञान संकाय में सबसे कम आवेदन मिले हैं।

### अंतिम दिन जुट सकती है भीड़

महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन का मंगलवार को अंतिम दिन रहेगा। अब तक निर्धारित सीटों से करीब 50 फीसदी ही आवेदन मिले हैं। अंतिम दिन आवेदन करने वालों की भीड़ जुट सकती है।
**डॉ. नरेंद्र खत्री, प्राचार्य, सीआरए कॉलेज**

# फैक्टरी से 12 लाख की राशि चोरी, मुकदमा दर्ज



फैक्टरी में लगे सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस ने कब्जे में लेकर की जांच शुरू

सोनीपत। चोरी की वारदात का आरोपित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित फैक्टरी से 12 लाख रुपये से ज्यादा की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने दरवाजे पर लगे शीशे को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग के कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फैक्टरी परिसर में लगे सीसीटीवी में चोरी की वारदात कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। नेहरू कॉलोनी रोहतक निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग में कार्यरत है। उनकी कंपनी में गत 23 व 24 की रात को दरवाजों के शीशे तोड़कर अंदर घुस आए। उसके बाद फैक्टरी से अलग-अलग स्थानों पर रखी 12 लाख 12 हजार 982 रुपये की राशि को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर परिसर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली। सीसीटीवी की रिकार्डिंग में चोरी की वारदात के बारे में पत चला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई जसमेर ने बताया कि सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में कैद संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। चोर रात को फैक्टरी में घुस गया। उसके बाद दराजों को चेक कर उनमें से नकदी को निकालकर फरार हो गया।

### जल्द पकड़ेंगे चोर को

फैक्टरी से लाखों रुपये की राशि चोरी होने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
**राजीव सिंह, प्रभारी बहालगढ़ थाना।**

# आढ़ती को मारपीट कर घायल किया, धमकी भी दी, केस दर्ज

- आरोपितों ने बिट्टों से हमला किया, इससे उसका दाहिना पैर टूट गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में सामान लेने के लिए सर्विस रोड पर रूके आढ़ती को पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान आढ़ती को दिल्ली पुलिस के जवान ने बीच-बचाव करके बचाया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी अभिषेक ने बताया कि उसने आजादपुर मंडी में आढ़त की दुकान कर रखी है। वह 23 जून को सुबह करीब चार बजे आजादपुर चला था। जब वह कुंडली केवीके वाइन जीटी रोड पर सर्विस रोड से सामान लेने के लिए रूका। उसी दौरान शानू कैंटीन वाला व उसके ठेके वालो ने मिलकर उससे मारपीट करना शुरू कर दिया। उस पर बिट्टों से हमला कर दिया। जिसके चलते उसका दाहिना पैर टूट गया। मारपीट को देखकर दिल्ली पुलिस में तैनात जवान ने बीच-बचाव किया। उसके आरोपित धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सिक ने उपचार के बाद छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## दो दिवसीय फुटबाल स्पर्धा का समापन

# जूनियर में एसएम हिंदू तो सब जूनियर में गन्नौर ने किया खिताब पर कब्जा

- फुटबाल एकेडमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्पोर्टिंग नेशनल फुटबाल क्लब के तत्वावधान में खेली गई दो दिवसीय जूनियर व सब जूनियर वर्ग की फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ। जूनियर वर्ग में एसएम हिंदू फुटबाल एकेडमी ने डैमेज फुटबाल क्लब को 4-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में गन्नौर फुटबाल क्लब ने एसएम हिंदू को ट्राई ब्रेकर तक खींचे मुकाबले में 3-2 से हराकर खिताब जीता। क्लब के प्रधान रिषीवान महासचिव पंकज ने बताया कि राइट टू फुटबाल स्टेप्स, पैंथर एकेडमी द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 13 तथा सब जूनियर वर्ग में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली गई। समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर जिला फुटबाल संघ के महासचिव नरेश मलिक, सहसचिव सुरेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण कुमार व नरेंद्र शर्मा ने शिरकत की तथा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल व ट्राफी प्रदान की। रेफरी की भूमिका प्रभात, मोहन, मोहित, नीतिश व राहुल ने निभाई। इस अवसर पर विशेष दहिया, धीरज शर्मा, मनोज दहिया, सत्यवान, मनजीत, प्रवीण आदि मौजूद रहे।




सोनीपत। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### डॉ. एस. के. गक्खर बने हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लोकपाल

**राई।** हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने डॉ. एस. के. गक्खर, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष, को नया लोकपाल (ऑनरेरी) नियुक्त करने की घोषणा की है। डॉ. एस. के. गक्खर कुलपति, आईजीयू रेवाड़ी, कुलपति, विश्वविद्यालय, ओडिशा, संस्थापक कुलपति, सीबीएलयू, भिवानी, सदस्य, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग, चंडीगढ़ आदि पदों का व्यापक अनुभव उन्हें शैक्षणिक प्रशासन और विवाद समाधान की गहरी समझ प्रदान करता है। डॉ. एस. के. गक्खर का स्वागत करते हुए पूर्व डीजीपी और आईपीएस, हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि उनका व्यापक अनुभव और उच्च शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक सहायक और न्यायसंगत वातावरण को बढ़ावा देने में अमूल्य होगा।

# साप्ताहिक शिविर में 62 ने किया रक्तदान

- रोटरी ब्लड सेंटर की टीम ने एकत्रित किया रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाग राम ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में सोमवार को 62 नागरिकों ने रक्तदान कमाया। शिविर की अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास और समाजसेवी राजेश पांचाल का रहा। मुख्यातिथि मानव सेवा संघ के अध्यक्ष पवन जिंदल रहे। शिविर में रक्त संलन के लिए रोटरी ब्लड सेंटर सोनीपत की टीम पहुंची। भाग राम ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में बीते सोमवार को आयोजित शिविर में 1 महिला समेत 62 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में अमित गिरधर, नवीन कालड़ा, प्रवीन सहरावत और नियमित रक्तदाताओं में रविंद्र, अमित, विक्की, अंशुल, नवीन, सचिन, अशोक, अनुज, धर्मेन्द्र, अनिल, अशोक, सतबीर सैनी व सिकंदर ने रक्तदान किया। शिविर में नरेंद्र, पवन, मीर हसन और सहित सहित कई लोगों ने पहली बार रक्तदान किया।



गोहाना। शिविर में रक्तदान करते हुए नागरिक व उनके साथ अतिथिगण।

# वेद प्रकाश बने आर्य समाज बड़ा बाजार के नए प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



आर्य समाज 'शहर' बड़ा बाजार सोनीपत द्वारा आयोजित साधारण अधिवेशन में चुनाव अधिकारी अशोक गोयल की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें वेद प्रकाश आर्य को सर्वसम्मति से प्रधान निर्वाचित किया गया। अधिवेशन में उपस्थित आर्य सभासदों ने नवनिर्वाचित प्रधान को ही अपनी कार्यकारिणी गठित करने का सर्वाधिकार दिया। इसके उपरांत कार्यकारिणी गठित करते हुए संरक्षक नित्य प्रिय आर्य, ओम प्रकाश आर्य (खत्री) एवं बुद्ध सिंह को बनाया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उप प्रधान सुभाष चांदना, उप प्रधान दीपक आर्य (तलवाड़), मंत्री सुदर्शन आर्य, उप मंत्री प्रवीण आर्य, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश आर्य, पुस्तकालयाध्यक्ष यजिष्ठ आर्य, वेद प्रचार अधिष्ठाता श्याम लाल आर्य, आर्य वीर दल अधिष्ठाता दिनेश गोयल, लेखा परीक्षक सुभाष चन्द्र रहेजा बनाया गया।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005



**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


**अपराध** पीड़ितों के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने दर्ज किया केस, लोगों से सावधान रहने की अपील की

# अलग-अलग लोगों से 42 लाख से ज्यादा की राशि ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। हर रोज कोई न कोई ठगों के मकड़जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई से हाथ धे रहे है। साइबर ठगों ने अलग-अलग दो मामलों में लाइक का टास्क देकर व विदेशी मुद्रा में निवेश कर मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी कर ली। पीड़ितों ने ठगी का पता चला तो उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

### केस-1 : गूगल मैप रिव्यू टास्क देकर 7 लाख की राशि ठगी

गांव पुगथला गन्नौर निवासी कुलदीप ने बताया कि उसके पास गत 5 जून को मोबाइल नंबर के जरिए एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। जिसमें एडमिन ने टास्क से सम्बंधित मेसेज भेजे हुए थे। उसे गूगल मैप रिव्यु करने का और लाइक करने का टास्क दिया गया था। वह आरोपितों की बातों में आ गया और टास्क खेलने लगा। इसी दौरान आरोपितो ने उसे टेलीग्राम लिंक के माध्यम से अपने साथ जोड़ लिया। टेलीग्राम लिंक में उसका रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके अलावा उसके टेलीग्राम पर एक और लिंक प्राप्त हुआ, जिसमें उसे कैसे काम करना है, इसके बारे में बताया जाता था। पैसे निकालने के लिए अलग से एक लिंक भेजा गया। आरोपितो ने उसे 6 जून को टास्क के माध्यम से 1000 रुपए के टास्क से 1500 रुपए और 3000 रुपए के टास्क से 4300 रुपए उसके एसबीआई बैंक खाता में उसके यूपीआई के माध्यम से वापिस कर दिए। फिर आरोपितो ने 6 जून को ही 10000 रूपए का टास्क दिया तथा उसमें कुछ गलती बताकर 32540 रुपए भेजने को कहा और एक लिंक उसके उपरोक्त मोबाईल पर भेजकर कहा की इस पर संपर्क करके बकाया रकम जमा करा दो। इसी प्रकार लगातार उसे उसके पैसे वापिस देने के लिए रुपए की मांग कर रहे है। जिसमें से उसने उनको उनके भेजे गए यूपीआई और अकाउंट नंबर पर अपने व अपने दोस्तों के खातों से 770320 रूपए भेज चुका है। उन्होंने तकनीकी सहायता के लिए मोबाइल नंबर से भी कांटेक्ट किया और बकाया राशी भेजने के लिए कहा। उसके बार बार निवेदन करने पर भी उन्होंने उसे पैसे वापस नहीं किए। उसे पता चला है कि ठगों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर और फर्जी कागजात के आधार पर खुलवाए गए खातों में धोखाधड़ी के तहत 770320 रुपए ठग लिए है। उसने 1930 पर कॉल करके ठगों के खिलाफ ऑनलाईन शिकायत पुलिस को दी। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### केस-2 : मुनाफा देने के नाम पर 34 लाख रुपये की ठगी

शहर के गोकल नगर निवासी विशाल भारद्वाज ने बताया कि उसके पास गत 10 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से उसके फेसबुक अकाउंट पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसमें उसे टेलीग्राम एप पर विदेशी मुद्रा निवेश का निमंत्रण दिया गया। दूसरी तरफ से अपना परिचय बहुउद्देशीय कंपनी एडमिरल मार्केट ग्लोबल लिमिटेड के कर्मचारी के तौर पर दिया गया। उसे फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए बाध्य किया गया। विशाल ने बताया कि उससे हर रोज शाम को ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग कराई जाती थी। इसमें उसे ज्यादा से ज्यादा पैसे जमा कराकर मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। उसे बताया गया कि अगर आप हमारे जरिए पैसा लगाओगे तो आपको कुछ दिन में 20 से 30 प्रतिशत मुनाफा होगा। विशाल ने बताया कि 12 मई से 8 जून तक उसने उनके द्वारा दिए गए खातों में कुल 34 लाख 50 हजार 920 रुपए का निवेश किया। इसका पूरा विवरण भी उसने पुलिस को दिया है। विशाल ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह अपने पैसे वापस मांगने लगा तो कंपनी ने रुपए देने से मना कर दिया। उससे टैक्स और बैंक चार्ज के नाम पर और पैसों की डिमांड की गई। उसने कहा कि अब उसे पता चला है कि उनकी वेबसाइट फर्जी है। फर्जी वेबसाइट के आधार पर खुलवाए गए खातों में रुपए डलवा कर उसके कुल 34 लाख 50 हजार 920 हड़प लिए गए। धोखाधड़ी का आभास होने के बाद उसने 1930 नंबर पर कॉल कर साइबर पुलिस को वारदात की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई गिरीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। किसी के भहकावे में आकर इस तरह से अपनी पूंजी का निवेश न करें। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।